सत्यमेव जयते

राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग
National Commission for Scheduled Tribes

(भारत के संविधान के अनुच्छेद 338क के अंतर्गत एक संवैधानिक निकाय)
(A Constitutional body under Article 338A of the Constitution of India)

नोटिस

फा. सं.: NCST/DEV-1426/CG/2/2023-ESDW **दिनांक: 13.04.2023**

श्री पुष्पेन्द्र कुमार मीणा,
कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी,
जिला – दुर्ग
कलेक्टर कार्यालय,
दुर्ग, छत्तीसगढ़ – 491001
ई-मेल: collector-drg.cg@gov.in

श्रीमती सोमा मंडल,
अध्यक्ष,
स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड,
इस्पात भवन, लोधी रोड,
नई दिल्ली - 110 003
ई-मेल: chairperson.sail@sail.in

विषय: स्टील अथॉरिटी ऑफ़ इंडिया लिमिटेड, भिलाई इस्पात संयंत्र द्वारा हमारे हक़ वा स्वामित्व की भूमि का अधिग्रहण किए जाने के एवज में परिवार के एक सदस्य को भिलाई इस्पात संयंत्र में स्थायी रोजगार दिलाये जानें के संबंध में श्री संतानु राम, पिता श्री समोदी राम, ग्राम – धोतिमटोला, पोस्ट – साल्हे, थाना एवं तहसील– डौंडी, जिला -बालोद, छत्तीसगढ़- 491228 का दिनांक 31.01.2023 का अभ्यावेदन ।

चूंकि राष्ट्रीय अनुसूचित ,जनजाति आयोग को **श्री संतानु राम से दिनांक 31.01.2023** एक याचिका/शिकायत/सूचना प्राप्त हुई है (प्रति संलग्न), और आयोग ने भारत के संविधान के अनुच्छेद 338क के अंतर्गत उसे प्रदत्त शक्तियों का अनुसरण करते हुए इस मामले का अन्वेषण/जांच करने का निश्चय किया है।अतः आपसे एतद्द्वारा अनुरोध किया जाता है कि आप सूचना के प्राप्त होने के **15 दिनों के भीतर** अधोहस्ताक्षरी को डाक से या वैयक्तिक रूप से उपस्थित होकर या किसी अन्य संचार साधन से संबन्धित आरोपों/मामलों और सूचनाओं पर की गई कार्रवाही से सम्बंधित सूचना प्रस्तुत करें ।

कृपया ध्यान रखें कि यदि नियत अवधि में आयोग में आपका उत्तर प्राप्त नहीं होता है तो आयोग भारत के संविधान के अनुच्छेद 338क के अंतर्गत उसे प्रदत्त सिविल न्यायालय की शक्तियों का प्रयोग कर सकता है तथा वैयक्तिक रूप से या प्रतिनिधि के माध्यम से आयोग के समक्ष उपस्थित होने के लिए आपको 'समन' भी जारी कर सकता है ।

संलग्न यथोपरि.

(एच. आर. मीना)
(अनुसंधान अधिकारी

प्रतिलिपि संलग्न:

1. **श्री संतानु राम,**
   पिता श्री समोदी राम,
   ग्राम–धोतिमटोला, पोस्ट–साल्हे,
   थाना एवं तहसील–डौंडी,
   जिला -बालोद, छत्तीसगढ़- 491228

2. **एन. आई. सी. अनुभाग, आयोग की वेबसाइट पर अपलोड करने हेतु ।**